श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ
(मानित विश्वविद्यालय)
बी–4,कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली–110016

क्रमांकःला.ब.शा. / छात्रावास / 2019–2020 / 962 दिनांक 22.01.2020

## सरस्वती पूजन महोत्सव संशोधित सूचना

माननीय कुलपति महोदयजी के आदेशानुसार विद्यापीठीय एवं छात्रावासीय समस्त छात्रों, अध्यापकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सहर्ष सूचित किया जाता है कि, संवत् 2076 माघ शुक्ल वसन्त–पंचमी वीरवार दिनांक 30.01.2020 को प्रातः 8.00 बजे "छात्रावास" में "सरस्वती पूजन–महोत्सव" का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदयजी स्वयं पूजनादि सम्पन्न करेंगे। प्रो. हरिहर त्रिवेदीजी अध्यक्ष छात्रावास प्रवेश/प्रबन्ध समिति एवं पूर्व वेदवेदांग संकाय प्रमुख के निर्देशानुसार पौरोहित्य विभागाध्यक्ष प्रो. रामराज उपाध्याय इस अवसर पर पूजन सामग्री आदि की व्यवस्था करेंगे तथा समस्त वेद–पौरोहित्य विभागीय अध्यापक महानुभाव मिलकर पूजन में सहयोग करेंगे।

अतः इस शुभ अवसर पर समस्त अध्यापक वृन्द, अधिकारी, कर्मचारी, एवं छात्र–छात्राओं से निवेदन है कि, इस महोत्सव में सम्मिलित होने की कृपा करें।

नोटः–छात्रावासीय समस्त छात्रगण उक्त महोत्सव की पूर्ण तैयारी दिनांकः 28 एवं 29.01.2020 को कर लें।

22.1.20
डॉ.सुन्दर नारायण झा
(छात्रावास अधिष्ठाता)प्रभारी

प्रतिलिपिः–

1. समस्त सूचना पट्ट ।
2. कुलपति /कुलसचिव/वित्ताधिकारी जी के निजी सचिव
3. परीक्षा नियंत्रक महोदय
4. छात्रावास प्रबन्ध समिति अध्यक्ष
5. छात्रकल्याण संकायप्रमुख
6. समस्त संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष
7. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाईड पर अपलोड करने एवं समस्त अध्यापकों/कर्मचारियों को एस. एम.एस के द्वारा सूचित करने हेतु।
8. समस्त अध्यापकों, कर्मचारियों की सेवा में प्रेषित।
9. कनिष्ठ अभियंता सिविल को इस आशय से प्रेषित कि दरी,आसन आदि की व्यवस्था करवाने हेतु।
10. कनिष्ठ अभियंता विद्युत श्री नरेन्द्र पाल को इस आशय से प्रेषित कि माईक आदि की व्यवस्था करवाने का कष्ट करें।

22.1.20
डॉ.सुन्दर नारायण झा
(छात्रावास अधिष्ठाता)प्रभारी